गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, चेन्नई में प्रशिक्षुओं के चयन केलिए दिनांक 22 फरवरी, 2021 की अधिसूचना हेतु शुद्धिपत्र

विषय : लिखित परीक्षा की तारीख का स्थगन एवं अंतिम तारीख व आवेदन प्राप्त करने हेतु इ-मेइल आईडी में परिवर्तन - उनपर अनुदेश - बाबत

संदर्भ : गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, चेन्नई में प्रशिक्षुओं के चयन हेतु दिनांक 22 फरवरी, 2021 की अधिसूचना

अधिसूचना दिनांक 22 फरवरी, 2021 के क्रम में, यह सूचित किया जाता है कि कोविड-19 महामारी के कारण प्रचलित स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और बड़ी संख्या में आवेदनों की उम्मीद करते हुए, लिखित परीक्षा की तारीख 10 मार्च, 2021 से बदल दी गई है और पात्र उम्मीदवारों को इ-मेइल/ बोर्ड की वेबसाइट में नोटिस (http://www.indianspices.com/hin/opportunities.html) के ज़रिए संशोधित तारीख की सूचना दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने की संशोधित अंतिम तारीख 17 मार्च, 2021 को सायं 5.30 बजे या उससे पहले होगी और निर्धारित प्रपत्र में आवेदन “sbchennairecruitment@gmail.com” इ-मेइल आईडी पर भेजे जाने चाहिए।

जिन उम्मीदवारों ने अपना आवेदन पहले ही "sbrochennai@gmail.com" पर प्रस्तुत कर दिया था, उन्हें भी उसे sbchennaireqcruitment@gmail.com में अग्रेषित करना चाहिए।

उम्मीदवारों केलिए अनुदेश

- यदि उम्मीदवार एक से अधिक प्रशिक्षु स्थानों केलिए आवेदन करना चाहते हैं तो उनसे अलग-अलग आवेदन भेजने का अनुरोध किया जाता है। उम्मीदवार को आवेदन प्रपत्र (अनुबंध-1), जो दिनांक 22 फरवरी, 2021 की अधिसूचना के साथ दिया गया है, में उपयुक्त प्रशिक्षु स्थान, जिसकेलिए वह आवेदन करना चाहता/चाहती है, सूचित करना होगा। (उदाहरण : “प्रशिक्षु विश्लेषक-रसायन विज्ञान केलिए आवेदन” या “प्रशिक्षु विश्लेषक-सूक्ष्मजीव विज्ञान केलिए आवेदन” या “एसआरडी प्रशिक्षु केलिए आवेदन”, जैसा भी मामला हो]

- आवेदन, जो समर्थक दस्तावेज़ों के साथ निर्धारित प्रपत्र, अर्थात् अधिसूचना के अनुबंध-1 के अनुसार, में प्राप्त नहीं होता, उसपर विचार नहीं किया जाएगा।

- उम्मीदवार आवेदन, निम्न क्रम में एक सिंगल पीडीएफ़ संलग्नक के रूप में भेजें (क) अनुबंध-1 (ख) शैक्षिक योग्यताएँ (कालक्रमानुसार) (ग) जाति प्रमाणपत्र (घ) पहचान प्रमाण (ङ) अनुभव प्रमाणपत्र, यदि है तो ।

- यदि अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो, उन्हें स्पाइसेस बोर्ड द्वारा तय किए अनुसार शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

- स्पाइसेस बोर्ड, किसी भी कारण बताए इस चयन प्रक्रिया को संशोधित करने/बदलने/प्रतिबंधित करने/बढ़ाने/रद्द करने का का अधिकार रखता है। बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मामले में किसी भी प्रकार का अपील स्वीकार्य नहीं होगा।

- उम्मीदवारों को, अद्यतन सूचना हेतु बोर्ड की औद्योगिक वेबसाइट www.indianspices.com में अधिसूचना/अवसर पेज नियमित रूप से जांच करने और किसी तीसरी पार्टी की वेबसाइट पर भरोसा न करने की सलाह दी जाती है।

निदेशक (प्रशासन) / DIRECTOR(ADMIN)

स्पाइसेस बोर्ड / SPICES BOARD

04-03-2021; कोच्ची / Kochi-25